संख्या:82/2738जेएल/22-3-14-800(66)/2011

प्रेषक,

आर0के0 द्विवेदी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिला मजिस्ट्रेस्ट,
सहारनपुर।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनाक: 26 नवम्बर, 2014***

विषय- जिला कारागार, सहारनपुर में निरूद्ध बंदी इम्त्याज पुत्र श्री इश्त्याक को पत्नी के उपचार हेतु पैरोल की स्वीकृति।

महोदय,

मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोड आफ क्रिमिनल प्रोसीजर 1973(1974 का एक्ट संख्या-2) की धारा-432 के अन्तर्गत श्री राज्यपाल **जिला कारागार, सहारनपुर में निरूद्ध बंदी इम्त्याज पुत्र श्री इश्त्याक, निवासी-मौ0 चौक फरोशान, थाना-मण्डी, जनपद-सहारनपुर को एक माह के पैरोल** पर कारागार से छोड़े जाने के आदेश इस प्रतिबन्ध के साथ देते है कि बंदी पैरोल की अवधि में शांति बनाये रखने तथा अच्छे चाल-चलन रखने और पैरोल की अवधि समाप्त होने पर जेल में वापस जाने के लिए आपकी संतुष्टि के अनुसार दो जमानतों सहित एक निजी मुचलका दाखिल करे तथा बंदी की कोई अपील या रिवीजन या अन्य कोई मुकदमा किसी न्यायालय में विचाराधीन न हो तथा बंदी का जेल आचरण संतोषजनक हो। पैरोल की अवधि बंदी द्वारा काटी गयी सजा में नही जोड़ी जायेगी।

2- यदि बंदी पैरोल समाप्त होने पर नियत तिथि को जेल में हाजिर न हो तो बंदी तथा उसके जमानतदारों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाय। बंदी पैरोल की अवधि में अपने निवास स्थान के थाना में अपनी उपस्थिति की सूचना देता रहेगा।

3- बंदी को यह स्पष्ट कर दिया जाय कि यदि वह स्वीकृत पैरोल की अवधि समाप्त होने पर निर्धारित दिनांक को जेल में वापस नही आता है तो उसके विरूद्ध की जाने वाली किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना वह भविष्य में एक निश्चित अवधि अथवा सदा के लिए परिहार तथा पैरोल पाने का अधिकारी न होगा।

4- यह आदेश जारी होने के दिनांक से छः माह तक मान्य होगें।

5- कृपया इस आदेश की प्राप्ति की सूचना तुरन्त दें।

भवदीय,

(आर0के0 द्विवेदी)
उप सचिव।

संख्या:82/2738जेएल(1)/22-3-14-उक्तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, सहारनपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि बंदी के पैरोल पर रिहा किये जाने तथा बंदी के द्वारा जेल में हाजिर होने की तिथियों से शासन तथा महानिरीक्षक कारागार, उ0प्र0 को रेडियोग्राम द्वारा उसी दिन अथवा अधिकतम अगले दिन अवश्य उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

2- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर।

3- महानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ।

4- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0के0 द्विवेदी)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in